हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय
Hemvati Nandan Bahuguna Garhwal University
श्रीनगर गढ़वाल (उत्तराखण्ड)–246174
Srinagar Garhwal (Uttarakhand) - 246174
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University)

पत्रांक : हे॰न॰ब॰ग॰वि॰वि॰ / 2021 / 1119 दिनांक : 02 / 8 / 2021

कार्यालय आदेश (1119)

विश्वविद्यालय के पत्र सं0 हे0न0ब0ग0वि0वि0 / आर0ओ0 / 2019 / 339 दिनॉक 22 / 06 / 2021 द्वारा गठित समिति की संस्तुति एवं मा0कुलपति महोदया के अनुमोदन उपरान्त तत्काल प्रभाव से निम्न व्यवस्था लागू की जाती हैं:–

01. विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में निर्गत पुर्नः निरीक्षण (Re-totalling) सम्बन्धित कार्यालयादेश सं0 हे0न0ब0ग0वि0वि0 / आर0ओ0 2019 / 339 दिनॉंक 10 जुलाई 2019 को तर्कसंगत न होने के कारण निरस्त किया जाता हैं।

02. विश्वविद्यालय में मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं के पुर्नमूल्यांकन (Revaluation) / पुनः जांच (Rechecking) की कोई व्यवस्था नही है। इसके स्थान पर विश्वविद्यालय में अध्ययनरत छात्र / छात्रा जो अपनी उत्तर पुस्तिका में अंकित योग का पुर्न निरीक्षण (Re-totalling) करवाना चाहता / चाहती है, के लिये पूर्व में 24 मई 2019 को सम्पन्न प्रवेश समिति के निर्णयानुसार विश्वविद्यालय वेबसाईट पर परीक्षाफल घोषित होने की तिथि से 15 दिनों के अन्तर्गत विश्वविद्यालय कैश काउंटर / Online द्वारा रु0 600 प्रति प्रश्न पत्र पुर्न निरीक्षण (Re-totalling) शुल्क जमा करवा कर आवेदन पत्र परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में जमा करना होगा । इस हेतु छात्र–छात्राओं की जानकारी के लिए विश्वविद्यालय वेबसाइट पर सूचना यथा समय प्रचारित की किया जायेगा।

03. (अ) दिनांक 30 जून, 2021 को सम्पन्न विश्वविद्यालय की विद्या परिषद की बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार प्रत्येक परीक्षा का परीक्षाफल घोषित होने की तिथि से 06 माह पूर्ण होने पर सभी उत्तर पुस्तिकाओं को निष्प्रयोज्य (Disposed off) किये किया जाये तथा उक्त सूचना भी छात्र–छात्राओं की जानकारी हेतु विश्वविद्यालय वेबासाइट पर प्रचारित जाये।

(ब) सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत जिन छात्र–छात्राओं द्वारा अपनी उत्तर पुस्तिका की छायाप्रति की मांग की जाती है, उन्हे केवल रु0 02 / –प्रति पेज की दर से शुल्क का भुगतान करना होगा। उत्तर पुस्तिकाओं की छायाप्रति उत्तर पुस्तिकाओं के निष्प्रयोज्य किये जाने से पूर्व ही उपलब्ध कराया जाना सम्भव होगा। उक्त सूचना को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर प्रचारित की जायेगी।

04. परीक्षाफल घोषित होने के एक माह के अन्तर्गत सभी छात्र / छात्राओं की अंकतालिकायें सम्बन्धित विश्वविद्यालय परिसरों / सम्बद्ध महाविद्यालयों / संस्थानों में उपलब्ध कराया जायेगा।

05. दीक्षान्त समारोह के पश्चात् छात्र–छात्राओं को मूल उपाधि निर्गत करा दी जायेगी । द्वितीय उपाधि / अंकतालिका / माइग्रेशन / प्रोविजनल प्रमाण पत्र प्राप्त करने सम्बन्धी दिशा–निर्देश विश्वविद्यालय वेबसाइट www.hnbgu.ac.in पर उपलब्ध कराये जायेगें।

06. सी0बी0सी0एस0 प्रणाली 2015 से विश्वविद्यालय द्वारा ऑनलाइन प्रोविजनल तथा ऑनलाइन माइग्रेशन निकालने की प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है। जिसे छात्र / छात्राएं निर्धारित शुल्क जमा कर अपनी यूजर आई0डी0 से डाउनलोड कर प्राप्त कर सकते है। उक्त सूचना को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर प्रचारित की किया गया हैं।

02/08/21
कुलसचिव

प्रतिलिपिः– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

01:– समस्त संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष / परिसर निदेशक पौडी / टिहरी परिसर।
02:– समस्त प्राचार्य / निदेशक सम्बद्ध महाविद्यालय / संस्थान।
03:– वित्त अधिकारी / परीक्षा नियंत्रक / संयुक्त कुलसचिव / समस्त उपकुलसचिव / सहायक कुलसचिव।
04:– नोडल अधिकारी RTI Cell / जन सम्पर्क अधिकारी
05:– सिस्टम मैनेजर को इस आशय से प्रेषित की उक्त सूचना विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करे।
06:– निजी सचिव कुलपति, मा0कुलपति महोदया के सादर सूचनार्थ।

कुलसचिव